**NEWS CLIPPING:14.01.2022**

# PIONEER

# जेसी बोस में राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद आयोजित

## सबको मिलकर पर्यावरण संरक्षण उपायों में भागीदारी सुनिश्चित करनी होगीः कुलपति

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने वाली संस्था 'पर्यावरण संरक्षण गतिविधि' के सहयोग से राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद-2022 का आयोजन किया।

पर्यावरण गतिविधियों में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर केन्द्रित राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद के अंतर्गत पर्यावरण चेतना और पर्यावरण स्थिरता विषय को लेकर समूह चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन विश्वविद्यालय के वसुंधरा ईसीओ-क्लब द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में विवि और संबद्ध कालेजों के छात्रों की उत्साहजनक भागीदारी रही। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सीएसआईआर-राष्ट्रीय विज्ञान संचार और नीति अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली की निदेशक प्रो. रंजना अग्रवाल मुख्य अतिथि रही। सत्र की अध्यक्षता कुलपति श्रीराज नेहरू ने की। कुलपति श्रीनेहरू ने स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर बल दिया। पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण धरती माता की एक महान सेवा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण क्षरण के लिए मनुष्य स्वयं जिम्मेदार है और इसे बचाना हमारा कर्तव्य है, इसलिए हम में से प्रत्येक को पर्यावरण संरक्षण उपायों में भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. अग्रवाल ने 'पंच भूत' के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि पांच महान तत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सभी ब्रह्मांडीय सृजन के आधार हैं। उन्होंने जल और वायु की गुणवत्ता में गिरावट पर चिंता व्यक्त की जो पृथ्वी को कई तरह से नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए नई रणनीति खोजने का प्रयास करना चाहिए और पृथ्वी की रक्षा और संरक्षण के लिए इन पंचभूत तत्वों को संतुलित करना चाहिए।



**जेसी बोस विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते छात्र एवं छात्राएं।**

**NEWS CLIPPING:14.01.2022**

# DAINIK JAGRAN

## विकास के पथ को आगे ले जाने की जिम्मेदारी युवाओं पर : गुप्ता

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस पर आनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सामाजिक सांस्कृतिक क्लब विवेकानंद मंच और ईको क्लब वसुंधरा का योगदान रहा। इसमें अपराध मुक्त भारत संस्था के अध्यक्ष मैथिलीशरण गुप्ता मुख्य वक्ता रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति राज नेहरू ने की। सत्र का संयोजन निदेशक युवा कल्याण डा. प्रदीप डिमरी ने किया तथा राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम को लेकर संक्षिप्त परिचय दिया।

मैथिलीशरण गुप्ता ने राष्ट्र के विकास में युवाओं के सही उपयोग के बारे में बात की और स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवाओं पर ही है। पर्यावरण विभाग के वसुंधरा ईको क्लब द्वारा आयोजित एक अन्य व्याख्यान में सीएसआइआर-एनआइएससीपीआर की निदेशक डा.रंजना अग्रवाल ने बतौर मुख्य वक्ता अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस की सार्थकता तभी है जब हम आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण देने का संकल्प लेंगे। कुलपति राज नेहरू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सनातन हिंदू धर्म के ध्वजवाहक के रूप में स्थापित है। डा.रेणुका गुप्ता ने राष्ट्रीय युवा दिवस के बारे में संक्षिप्त रूप से परिचय दिया। सत्र के समापन पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. सुनील कुमार गर्ग ने अतिथियों व प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

**NEWS CLIPPING:14.01.2022**

# AMAR UJALA

## कोविड से होने वाले मानसिक तनाव और उपायों पर चर्चा

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के कम्युनिकेशन व मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा समाज कार्य एवं पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए कोविड महामारी से समाज एवं व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव को लेकर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कोरोनाकाल में सकारात्मक रहने के उपायों से अवगत कराना था। इसमें बिलासपुर (छत्तीसगढ़) के गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्रो. प्रतिभा जे. मिश्रा मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने विभिन्न छोटे-छोटे मंत्रों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को कोविड के समय तथा उसके बाद भी होने वाली मानसिक समस्याओं से निपटने का तरीका बताया। मास्क शब्द का 'मेरा आपका सुरक्षा कवच' के रूप में रचनात्मकता उल्लेख करते हुए सामाजिक दूरी व सामाजिक अलगाव में अंतर को स्पष्ट किया। संवाद

**NEWS CLIPPING:14.01.2022**

## HINDUSTAN

# युवा संसद का आयोजन हुआ

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सहयोग से राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद-2022 का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण चेतना और पर्यावरण स्थिरता विषय पर छात्रों ने सामूहिक चर्चा में भाग लिया।

कार्यक्रम का संयोजन विश्वविद्यालय के वसुंधरा ईसीओ-क्लब ने किया। कार्यक्रम में सीएसआईआर-राष्ट्रीय विज्ञान संचार और नीति अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली की निदेशक प्रो. रंजना अग्रवाल मुख्य अतिथि रही। उन्होंने संबोधन में कहा कि हमें पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए नई रणनीति खोजने का प्रयास करना चाहिए।

**NEWS CLIPPING:14.01.2022**

# NAVBHARAT TIMES

## पर्यावरण युवा संसद का आयोजन

एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने वाली संस्था 'पर्यावरण संरक्षण गतिविधि' के सहयोग से राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद-2022 का आयोजन किया। कार्यक्रम संयोजन विश्वविद्यालय के वसुंधरा ईसीओ-क्लब ने किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सीएसआईआर-राष्ट्रीय विज्ञान संचार और नीति अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली की निदेशक प्रो. रंजना अग्रवाल मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने 'पंच भूत' के महत्व को समझाया। सत्र की अध्यक्षता कुलपति राज नेहरू ने की। कार्यक्रम में डॉ.हरीश कुमार, डॉ.साक्षी कालरा, डॉ.प्रीति सेठी आदि मौजूद रहीं।